BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI....

Date ..02/09/2025.. Page ..12.. Column ..02..

Subject ..बीएमयू में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन..

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में राष्ट्रीय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित खेल दिवस 2025 पर आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आज समापन हुआ। यह आयोजन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित रहा। समापन पर कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि खेल जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और टीम भावना का विकास करते हैं।

उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने जिस तरह अपने खेल कौशल से भारत को गौरवान्वित किया, उसी प्रकार छात्र-छात्राओं को भी खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इस तीन दिवसीय महोत्सव ने छात्रों में प्रतिस्पर्धा, एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

उन्होंने कि खेल मानसिक संतुलन और सामाजिक एकता का आधार हैं। इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव में खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, रस्साकस्सी और 800 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सभी खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। फाइनल मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिनमें खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से उपस्थित सभी का दिल जीत लिया।

महोत्सव के समापन दिवस पर फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित पुरस्कृत किया। महोत्सव की सफलता में डीएसडब्ल्यू डॉ. सुधीर मलिक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बबलू शर्मा (नोडल अधिकारी एवं आयोजन सचिव) ने किया। डॉ. सोनिका (कार्यक्रम संयोजक) और मंजीत कुमार (सह-संयोजक) ने तीन दिवसीय खेलों की रूपरेखा और संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह में विश्वविद्यालय के डीन डॉ. बीएम यादव, डॉ.सोमबीर, प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।